भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 268 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - मंगलवार, 31 मार्च ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# गहलोत का CM भजनलाल पर तीखा पलटवार

## बोले 'अपनी सरकार संभालें, हमारी चिंता न करें

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के बयान के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने तीखा पलटवार करते हुए कहा कि सरकार को कांग्रेस के अंदरूनी मामलों में दखल देने के बजाय अपने मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए।

जयपुर में मीडिया से बातचीत में गहलोत ने कहा, 'वे कहते हैं कि हमें कोई नहीं पूछ रहा, इसकी चिंता उन्हें करने की जरूरत नहीं है। यह हमारी पार्टी का अंदरूनी मामला है। मुख्यमंत्री को अपने मुद्दों का जवाब देना चाहिए। '

उन्होंने आरोप लगाया कि वे जनहित से जुड़े सवाल उठा रहे हैं, लेकिन सरकार उनका सीधा जवाब देने से बच रही है। 'मैं एक बिल्डिंग को चालू करने की बात कर रहा हूं और जवाब कुछ और दिया जा रहा है। ऐसा पहले कभी नहीं देखा, थोड़ी शर्म भी आनी चाहिए कि जनता क्या सोचेगी ।

गहलोत ने मुख्यमंत्री के सलाहकारों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि गलत सलाह देने वाले लोग उन्हें गुमराह कर रहे हैं और इससे सरकार की छवि खराब हो रही है।

**बेटे को लेकर बयान पर दिया जवाब**

मुख्यमंत्री द्वारा उनके बेटे को लेकर की गई टिप्पणी पर गहलोत ने सफाई देते हुए कहा कि 'हमने अपने बेटे



को अलग मकान किराए पर दिलाया था, वह कभी मुख्यमंत्री निवास में नहीं रहा। '

उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका कहना केवल इतना था कि परिवार के लोगों को सरकार से दूर रखना चाहिए, न कि राजनीति से।


**'नई पीढ़ी को राजनीति में मौका मिलना चाहिए '**

गहलोत ने कहा कि परिवार के सदस्य राजनीति में आएं, इसमें कोई आपत्ति नहीं है, बल्कि इससे अनुभव का लाभ नई पीढ़ी को मिलता है। लेकिन उन्हें सरकार से दूर रखना जरूरी है ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

**बयानबाजी पर बढ़ा सियासी ताप**

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हाल ही में जमवारामगढ़ में गहलोत पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि 'आजकल उन्हें दिल्ली में कोई नहीं पूछ रहा।' इसी बयान के बाद दोनों नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है।

# सलावटिया में बड़ा हादसा टला, झूलते बिजली तारों से ट्रेलर में लगी आग




**भीलवाड़ा फोकस @ सलावटिया।**

**प्रेम शंकर धाकड़ ।** क्षेत्र में बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई, जहां मुख्य मार्ग पर झूलते बिजली के तार सड़क से गुजर रहे एक ट्रेलर से टकरा गए। ट्रेलर में रखी मशीनों के ऊपरी हिस्से के तारों से संपर्क में आते ही आग लग गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

गनीमत रही कि वाहन में करंट प्रवाहित नहीं हुआ, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। चालक समेत अन्य लोग समय रहते सुरक्षित बाहर निकल आए, जिससे जनहानि टल गई।

घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत बिजली विभाग को सूचना देकर सप्लाई बंद करवाई,और पानी की बाल्टियों से आग बुझाने का प्रयास करते हुए आग पर काबू पाया।

हालांकि इस घटना में बड़ा नुकसान नहीं हुआ, लेकिन क्षेत्रवासियों ने इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए कहा कि मुख्य मार्ग पर इस तरह झूलते तार कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं।

स्थानीय लोगों ने प्रसिद्ध धार्मिक स्थल तिलस्वा महादेव जाने वाले मार्ग पर विद्युत लाइनों को व्यवस्थित करने की मांग की है ।

# शाहपुरा क्षेत्र में बारिश-ओलावृष्टि का कहर, किसानों की बढ़ी चिंता

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**(मूलचन्द पेसवानी)।** नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में सोमवार अपराह्न बाद मौसम ने अचानक करवट लेते हुए जोरदार असर दिखाया। करीब साढ़े चार बजे तेज गर्जना के साथ बारिश शुरू हुई, जिसके साथ मक्की और मूंगफली के दाने के आकार के ओले भी गिरे। तेज हवाओं और आंधी ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया, जिससे लोगों को अचानक परेशानी का सामना करना पड़ा।

शाहपुरा नगर सहित आसपास के करीब 20 किलोमीटर क्षेत्र में ढीकोला, नारायणपुरा, बीलिया, आमलीकलां, मालखेड़ा और अरनिया घोड़ा गांवों में भी ओलावृष्टि दर्ज की गई। कई स्थानों पर रुक-रुक कर बारिश और ओलों का दौर जारी है,



जिससे मौसम पूरी तरह अस्थिर बना हुआ है।

अचानक बदले मौसम से किसानों की चिंता बढ़ गई है। काश्तकारों का कहना है कि ओलों और तेज हवाओं से खेतों में खड़ी गेहूं और चने की फसलों को नुकसान पहुंचा है। वहीं कटकर खेतों में पड़ी फसल भी बारिश से खराब हो गई है, जबकि तेज हवाओं से खड़ी फसल के दाने झड़ने की स्थिति बन गई है। तेज हवाओं के कारण पेड़ों की डालियां झूलती रहीं और कुछ समय के लिए सड़कों पर आवाजाही भी प्रभावित हुई। मौसम विभाग की चेतावनी के अनुसार यदि बारिश और ओलावृष्टि का सिलसिला जारी रहा, तो फसलों को और अधिक नुकसान हो सकता है। फिलहाल क्षेत्र में रुक-रुक कर बारिश जारी है, जिससे किसानों और आमजन की चिंता बनी हुई है।

# यूआईटी लॉटरी पर हाईकोर्ट सख्त, अंतरिम रोक हुई स्थायी; 8 अप्रैल को होगी निर्णायक सुनवाई




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर की चर्चित यूआईटी भूखंड लॉटरी विवाद में राजस्थान हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए पहले लगाए गए अंतरिम स्थगन को अब स्थायी कर दिया है। इससे लॉटरी प्रक्रिया पर फिलहाल पूरी तरह रोक बनी रहेगी और करीब 88 हजार आवेदकों को राहत की उम्मीद जगी है।

जोधपुर स्थित हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच न्यायमूर्ति डॉ. पुष्पेंद्र सिंह भाटी और न्यायमूर्ति संदीप शाह ने 27 मार्च को सुनवाई के दौरान लॉटरी प्रक्रिया में सामने आई अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए साफ संकेत दिए कि अलॉटमेंट की निष्पक्षता और पारदर्शिता संदेह के घेरे में है। कोर्ट ने अपने आदेश में 11 नवंबर 2025 को दिए गए अंतरिम स्थगन को जारी रखते हुए स्थायी कर दिया और सभी याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई के लिए 8 अप्रैल की तारीख तय की है।


इस मामले में एडवोकेट हेमेंद्र शर्मा, प्रदीप कुमार और नवीन शर्मा सहित कई याचिकाओं को एक साथ सुनवाई में शामिल किया गया है, जिनमें आरोप लगाया गया है कि पूरी लॉटरी प्रक्रिया में गंभीर गड़बड़ियां हुईं और ड्रॉ सिस्टम पहले से तय था। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने पारदर्शिता को लेकर 9 अहम सवाल भी उठाए। इनमें बिना ऑडिट और अनधिकृत सॉफ्टवेयर से ड्रॉ किए जाने, एक ही पैन नंबर पर कई प्लॉट आवंटित होने, आरक्षण नियमों में विसंगतियां, आवेदन से अलग योजनाओं में प्लॉट दिए जाने, एक ही परिवार को कई भूखंड मिलने, अधिकारियों व बैंक कर्मियों के रिश्तेदारों को लाभ मिलने, 1974 के नियमों के उल्लंघन, ड्रॉ से पहले परिणाम अपलोड होने और स्कीम बुकलेट में गड़बड़ियों जैसे गंभीर मुद्दे शामिल हैं।

अब इस पूरे मामले की नजर 8 अप्रैल को होने वाली अंतिम सुनवाई पर टिकी है, जो इस विवाद का रुख तय करेगी। यदि कोर्ट को अनियमितताएं प्रमाणित मिलती हैं, तो पूरी लॉटरी प्रक्रिया को रद्द करने जैसे बड़े फैसले भी सामने आ सकते हैं। फिलहाल हाईकोर्ट के इस रुख से आवेदकों में न्याय की उम्मीद और मजबूत हुई है।

# डबल मर्डर: घर में घुसकर सरिये से दंपती की हत्या

## नौकरानी निकली मास्टरमाइंड







**भीलवाड़ा फोकस @ ब्यावर।**

शहर के साकेत नगर थाना क्षेत्र स्थित सेन्दड़ा रोड के सोहन नगर में रिटायर्ड शिक्षक दंपती की हत्या के मामले में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। घर में अकेले रह रहे दंपती की सरिये से पीट-पीटकर हत्या की गई, जिसकी साजिश उनकी ही घरेलू नौकरानी ने रची थी।

रविवार रात करीब 8 बजे क्षेत्र में पानी सप्लाई के दौरान दंपती के घर से लगातार पानी बहता देख पड़ोसियों को शक हुआ। सूचना पर पहुंचे रिश्तेदारों ने घर के अंदर विनोद कुमार शर्मा (68) और उनकी पत्नी पूर्णिमा शर्मा (65) के शव खून से लथपथ हालत में पड़े मिले। पास में सरिया पड़ा था, जिससे वार कर हत्या की गई थी।

सूचना मिलते ही एसपी रतन सिंह, एएसपी भूपेंद्र कुमार, डीएसपी राजेश कसाना सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। एफएसएल टीम ने साक्ष्य जुटाए और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए।

जांच में सामने आया कि घरेलू नौकरानी के मन में दंपती की संपत्ति और गहनों को लेकर लालच आ गया था। उसने अपने नाबालिग बेटे-बेटी और भैंसाना निवासी राहुल परिहार (20) के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई और वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नौकरानी और राहुल परिहार को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसके दोनों नाबालिग बच्चों को डिटेन किया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी राहुल परिहार के खिलाफ पहले भी आपराधिक मामला दर्ज है। मामले में आगे की जांच जारी है।

बताया जा रहा है कि दंपती का बेटा गुरुग्राम में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है और घटना की सूचना मिलते ही वह देर रात ब्यावर के लिए रवाना हो गया।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# महावीर जन्म कल्याणक हर्षोल्लास से मनाया, भव्य शोभायात्रा निकाली





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

**शुभम जैन** । महावीर जयंती के अवसर पर दिगम्बर जैन समाज द्वारा भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विभिन्न धार्मिक आयोजन और भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

सुबह 5:30 बजे प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर भक्ति गीतों के माध्यम से जैन धर्म के संदेश दिए। इसके बाद मंदिरों में शांति धारा एवं अभिषेक किए गए।

बड़े मंदिर से निकली विशाल शोभायात्रा नगर के मुख्य बाजारों से होकर गुजरी, जहां जैनेतर समाज ने पुष्पवर्षा कर स्वागत करते हुए सामाजिक सद्भाव का परिचय दिया। शोभायात्रा में भगवान की पालकियों के साथ चांदी के रथ में विराजित प्रतिमा विशेष आकर्षण रही, जिसे युवाओं ने स्वयं खींचा।

भजन गायक सुमित जैन और अनूप जैन के भजनों पर बालिकाओं एवं महिलाओं ने भक्ति नृत्य प्रस्तुत किया। शोभायात्रा में मुनि सुप्रभात सागर की उपस्थिति भी रही।

बड़े मंदिर में जन्माभिषेक के लिए लगी बोलियों में चांदमल, पंकज अजमेरा, वर्धमान, रोहित ठग सहित अन्य परिवारों ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

शाम को महिलाओं ने घर-घर से दीपक लाकर वर्धमान स्त्रोत का पाठ करते हुए दीप प्रज्वलित किए। वहीं महिला मंडल द्वारा भगवान महावीर को पालने में झुलाने हेतु धार्मिक खेलों का आयोजन भी किया गया।

# आसींद थाने के दो कांस्टेबल बने हेड कांस्टेबल, थाने में खुशी की लहर



**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।**

राजस्थान पुलिस विभाग में कर्तव्यनिष्ठा के साथ सेवा दे रहे आसींद थाने के कांस्टेबल कन्हैयालाल खटीक और नरपत को पदोन्नत कर हेड कांस्टेबल बनाया गया है। पदोन्नति के अवसर पर थानाधिकारी सीआई श्रद्धा पचौरी ने दोनों पुलिसकर्मियों को बधाई देते हुए उनके कंधों पर हेड कांस्टेबल के फीते लगाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि पदोन्नति के साथ उनकी जिम्मेदारियां और भी बढ़ गई हैं, जिन्हें वे पूरी निष्ठा से निभाएं।

पदोन्नति की सूचना मिलते ही थाने में खुशी का माहौल बन गया। साथी पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया और दोनों नवनियुक्त हेड कांस्टेबलों को माला पहनाकर शुभकामनाएं दीं।

# चामुंडा गैस एजेंसी का आकस्मिक निरीक्षण, विधायक कोठारी ने दिए व्यवस्था सुधार के निर्देश



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

शहर विधायक अशोक कुमार कोठारी ने सोमवार को नगर विकास न्यास के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण डाड के साथ पंचवटी स्थित चामुंडा गैस एजेंसी का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद उपभोक्ताओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। इस दौरान गैस सिलेंडर की उपलब्धता, समय पर आपूर्ति और एजेंसी की कार्यप्रणाली को लेकर उपभोक्ताओं ने अपने अनुभव साझा किए।

विधायक कोठारी ने एजेंसी संचालक को निर्देश दिए कि रसोई गैस सिलेंडर की आपूर्ति नियमित, समयबद्ध और सुचारु रूप से सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गैस जैसी आवश्यक सेवा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि आमजन को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना जनप्रतिनिधियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इस संबंध में शिकायत मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

विधायक ने उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया कि गैस आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर और पारदर्शी बनाए रखने के लिए निरंतर निगरानी रखी जाएगी।

# ट्रेन से कटकर युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

शहर के भीलवाड़ा-चित्तौड़गढ़ रेल मार्ग पर सोमवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां चंद्रशेखर आजाद नगर के पास एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसा इतना भीषण था कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चित्तौड़गढ़ की ओर से भीलवाड़ा आ रही ट्रेन के सामने युवक अचानक पटरी पर पहुंच गया। जिससे ट्रेन की चपेट में आ गया। घटना की सूचना मिलते ही प्रतापनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस को मृतक के पास से एक आधार कार्ड मिला है, जिसके आधार पर उसकी पहचान कोटड़ी क्षेत्र के सातोला का खेड़ा निवासी के रूप में हुई है । फिलहाल पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है और परिजनों को सूचना दी है ।

प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि युवक पटरी पर गलती से पहुंचा या उसने आत्महत्या के उद्देश्य से यह कदम उठाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# विवाहिता ने फांसी लगाई, परिजनों ने लगाया दहेज प्रताड़ना का आरोप

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर के गांधीनगर थाना क्षेत्र के शिवनगर में 22 वर्षीय विवाहिता ने पीहर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय वह घर में अकेली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। मृतका के पिता महावीर माली ने रिपोर्ट में आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष दहेज के लिए लगातार मारपीट और प्रताड़ित करता था। करीब पांच दिन पहले उसे घर से निकाल दिया गया था, जिसके बाद से वह मानसिक तनाव में पीहर में रह रही थी। परिजनों के अनुसार इसी प्रताड़ना से परेशान होकर उसने यह कदम उठाया। पुलिस मामले की जाँच में जुटी हुई है।

# हनुमान जन्मोत्सव पर भादू में भव्य आयोजन, 11 हजार दीपों से होगा दीपदान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

भादू क्षेत्र में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर वीर हनुमान जी तालाब के पास भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

आयोजकों के अनुसार 1 अप्रैल बुधवार को शाम 7 बजे 11 हजार दीपों के साथ दीपदान किया जाएगा। इसके बाद रात 8:30 बजे कन्या पूजन तथा रात 9 बजे सामूहिक रूप से 108 हनुमान चालीसा का पाठ होगा।

वहीं रात 9:15 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान अखाड़ा प्रदर्शन भी आकर्षण का केंद्र रहेगा। आयोजन स्थल को आकर्षक सजावट और रोशनी से सजाया जाएगा।

# बिजोलिया में पानी संकट गहराने की आशंका, आपूर्ति बढ़ाने की मांग


**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**मानव तिवाड़ी** । ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संगठन महामंत्री शक्ति नारायण शर्मा ने क्षेत्र में पेयजल संकट को लेकर उपखंड अधिकारी अजीत सिंह को पत्र लिखकर चंबल परियोजना से पानी की आपूर्ति बढ़ाने की मांग की है।

शर्मा ने पत्र में बताया कि वर्तमान में बिजोलिया में चंबल परियोजना से प्रतिदिन करीब 22 लाख लीटर तथा मंडोल बांध से 8 लाख लीटर पानी की आपूर्ति हो रही है। इस प्रकार कुल 30 लाख लीटर पानी उपलब्ध होने के बावजूद यह मात्रा क्षेत्र की जरूरतों के मुकाबले अपर्याप्त साबित हो रही है।

उन्होंने कहा कि पानी की कमी के चलते लोगों को आए दिन निजी टैंकरों का सहारा लेना पड़ रहा है। कई कॉलोनियों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

शर्मा ने यह भी चिंता जताई कि चंबल परियोजना और मंडोल बांध की सप्लाई में तकनीकी खामियों के कारण अक्सर पानी की आपूर्ति बाधित हो जाती है। इसके अलावा चंबल परियोजना से मिलने वाले पानी में कटौती की संभावना भी सामने आ रही है, जिससे आने वाले समय में हालात और गंभीर हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे गर्मी का मौसम बढ़ेगा, पानी की मांग भी तेजी से बढ़ेगी। ऐसे में यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो क्षेत्र में पेयजल संकट गहरा सकता है। शर्मा ने प्रशासन से मांग की है कि चंबल परियोजना से पानी की आपूर्ति बढ़ाई जाए तथा वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके और भविष्य में संभावित जल संकट से बचाव हो सके।



# पंचवटी में आयुष्मान आरोग्य मंदिर शुरू, 50 हजार लोगों को मिलेगा लाभ

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने शहरवासियों को बड़ी सौगात देते हुए पंचवटी क्षेत्र में नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर जनता क्लिनिक का शुभारंभ किया। इसका उद्घाटन विधायक अशोक कुमार कोठारी और भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने किया।

विधायक कोठारी ने कहा कि इस क्लिनिक के शुरू होने से पंचवटी क्षेत्र के लोगों को छोटी बीमारियों के इलाज के लिए अब बड़े अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्हें घर के नजदीक ही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने बताया कि इस क्लिनिक से पंचवटी और आसपास के करीब 50 हजार लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। यह भीलवाड़ा शहर का 8वां और जिले का 18वां जनता क्लिनिक है।

क्लिनिक में एक डॉक्टर सहित छह सदस्यीय स्टाफ तैनात रहेगा, जो नियमित रूप से मरीजों को प्राथमिक उपचार, सामान्य जांच और आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराएगा।

कोठारी ने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य केंद्रों से महात्मा गांधी अस्पताल जैसे बड़े अस्पतालों पर मरीजों का दबाव कम होगा, जिससे गंभीर मरीजों को बेहतर इलाज मिल सकेगा।



कार्यक्रम का संचालन कैलाश जीनगर ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, पूर्व न्यास अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण डाड, सीएमएचओ डॉ. संजीव शर्मा, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. प्रवीण झंवर सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।


# सवाईपुर क्षेत्र में बदला मौसम, ओलावृष्टि से बढ़ी किसानों की चिंता

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को मौसम ने अचानक करवट ली। सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए रहे और दोपहर बाद हल्की बूंदाबांदी हुई।

शाम होते-होते मौसम और बिगड़ गया तथा तेज हवा के साथ बारिश का दौर शुरू हो गया। इसी दौरान भाकलिया, गेंदलिया, बड़ला, चावंडिया और रूपाहेली गांवों में ओलावृष्टि हुई। कहीं बेर के आकार के तो कहीं नींबू के आकार के, लगभग 100 से 200 ग्राम तक के ओले गिरे।





ओलावृष्टि से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। खेतों में गेहूं, जौ और चने की पककर तैयार फसलें पड़ी थीं, जो बारिश और ओलों से खराब हो गईं। विशेष रूप से भाकलिया और गेंदलिया क्षेत्रों में अधिक नुकसान की सूचना है, जहां बड़े आकार के ओले गिरे।

किसानों का कहना है कि यदि 10-15 दिन मौसम साफ रहता तो फसल से अच्छा मुनाफा मिलता और पशुओं के लिए चारा भी उपलब्ध हो जाता, लेकिन बेमौसम बारिश ने उनकी चार महीने की मेहनत पर पानी फेर दिया।



QUICK BITES

## देवनारायण मंदिर में 21 कुंडीय विष्णु महायज्ञ, चौथे दिन श्रद्धा का उमड़ा सैलाब

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**(सांवर वैष्णव)।** क्षेत्र के नोहरा (जित्यास) गांव स्थित काली छाट के देवनारायण मंदिर प्रांगण में चल रहे नौ दिवसीय 21 कुंडात्मक श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन सोमवार को श्रद्धा और भक्ति का विशेष माहौल रहा।

चौथे दिन प्रातः मंडप प्रवेश के बाद यज्ञाचार्य पंडित धर्मनारायण वैदाचार्य के सानिध्य में स्थापित देवी-देवताओं एवं चारभुजा नाथ की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 21 हवन कुंडों पर 21 जोड़ों ने आहुतियां अर्पित की। इस दौरान देवनारायण भगवान के नाम 51 हजार एवं रुद्र देवता के नाम 11 हजार आहुतियां दी गईं। दोपहर में महाआरती का आयोजन हुआ।

इसके पश्चात स्वामी जगदीश पुरी महाराज (हनुमद् धाम गोशाला, शक्करगढ़) के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा का वाचन हुआ, जिसे श्रद्धालुओं ने भावपूर्वक सुना। रात्रि में श्री राघवेंद्र सरकार रामायण मंडल द्वारा रामलीला का मंचन किया गया, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं मेला प्रांगण में लगे झूले, चकरी और अन्य आकर्षणों का आसपास के गांवों से आए लोगों ने भरपूर आनंद लिया। ग्रामीण महिलाओं और युवतियों ने मेले में जमकर खरीदारी की।

ग्रामीणों के अनुसार महायज्ञ की शुरुआत शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ हुई थी और आयोजन के दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्म लाभ ले रहे हैं।

## महावीर जयंती पर बापू नगर जैन मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



बापू नगर स्थित श्री पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया।

प्रचार मंत्री प्रकाश पाटनी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रातः 5:30 बजे मंदिर परिसर से प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में पुरुष श्वेत वस्त्रों में तथा महिलाएं केसरिया परिधान धारण कर हाथों में जैन ध्वज लिए भगवान महावीर के संदेशों का प्रचार करते हुए चल रही थीं। महिला मंडल द्वारा भक्ति गीतों एवं जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

प्रभात फेरी विभिन्न मार्गों से होती हुई पुनः मंदिर पहुंची, जहां श्रावक-श्राविकाओं ने बारी-बारी से भगवान पार्श्वनाथ का अभिषेक किया। इस दौरान मयंक पाटनी एवं राकेश बघेरवाल ने शांतिधारा की।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में धर्मावलंबियों की उपस्थिति रही। मंदिर समिति अध्यक्ष लक्ष्मीकांत जैन ने बताया कि सायंकाल भगवान महावीर स्वामी की महाआरती भी श्रद्धा भाव के साथ संपन्न हुई।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
• समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
• निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
• डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# नगर माहेश्वरी महिला संस्थान का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



हरणी महादेव स्थित रामेश्वरम में नगर माहेश्वरी महिला संस्थान का दायित्व अलंकरण शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि ममता मोदानी ने नई टीम को नेतृत्व, अनुशासन, टीम वर्क सहित सात विजन के साथ शपथ दिलाई और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया।

प्रदेश अध्यक्ष सीमा कोगटा ने एकजुट होकर संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में स्वागत नृत्य और महेश वंदना आकर्षण रहे।

नव अध्यक्ष वीणा मोदी ने 'डिजिटल नारी ', स्किल डेवलपमेंट और महिला सशक्तिकरण पर काम करने का संकल्प लिया। समारोह में बड़ी संख्या में सदस्याएं मौजूद रहीं।

# मंसूरी ब्रदर्स द्वारा 12वां निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न, 14 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



सामाजिक सरोकार की दिशा में निरंतर अग्रसर 'मंसूरी ब्रदर्स' द्वारा 12वां निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन गुल अली बाबा के आस्ताने पर अत्यंत सादगी और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन में 14 मुस्लिम जोड़ों का निकाह मुकम्मल कराया गया। हाजी इमामुद्दीन मंसूरी ने बताया कि सम्मेलन का आयोजन नगर परिषद के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अब्दुल सलाम मंसूरी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 बजे हुई, जहाँ मस्जिद के इमामों ने सभी जोड़ों का निकाह पढ़ाया। आयोजनकर्ता हाजी मोहम्मद उमर मंसूरी ने समाज सेवा की मिसाल पेश करते हुए अब तक कुल 312 दूल्हा-दुल्हनों का निकाह संपन्न करवाया है। सम्मेलन के कनवीनर अब्दुल रशीद पठान ने बताया कि संस्था की ओर से प्रत्येक वधु को उपहार स्वरूप 15 हज़ार रुपये नकद प्रदान किए गए। विदाई के समय मंच पर दूल्हा और दुल्हन के पिताओं का साफा बंधवाकर उन्हें सम्मान के साथ रुखसती दी गई। इस अवसर पर हाजी अहमद चांदेंड, शकील गौरी, हाजी अहमद गौरी, हाजी आरिफ मंसूरी, शौकत मंसूरी, समीर निर्बान, अली मंसूरी सहित मुस्लिम समाज के कई गणमान्य नागरिक और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे । शोहराब मंसूरी ने बताया कि मंसूरी ब्रदर्स द्वारा अगला 13वां निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन 24 मई रविवार को आयोजित किया जाएगा।

# माँ दुर्गा का विशेष अभिषेक, हरि शेवा आश्रम में गूंजे जयकारे





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। बुधवार को सुबह 9:15 बजे माँ दुर्गा का विधिवत अभिषेक कर काजू से सहस्त्रार्चन किया गया। पंडित सत्यनारायण शर्मा, मनमोहन शर्मा एवं वासुदेव शर्मा सहित तीन वैदिक ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और जयकारों के बीच यह अनुष्ठान सम्पन्न हुआ, जिससे पूरा वातावरण दिव्यता से भर गया। धार्मिक मान्यता के अनुसार माँ भगवती का सूखे मेवों से अर्चन विशेष फलदायी माना जाता है, जो जीवन में सुख-समृद्धि, मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है।


आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने बताया कि नवरात्रि का प्रत्येक दिन आत्मशुद्धि, साधना और शक्ति उपासना का विशेष अवसर होता है तथा माँ दुर्गा की कृपा से भक्तों के जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होता है। इस अवसर पर आश्रम के संत सुयज्ञ राम उदासीन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में विशेष अरदास कर आरती की गई। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया।


आगामी कार्यक्रमों के तहत गुरुवार को दुर्गाष्टमी के अवसर पर सुबह 11:15 बजे विशेष जड़ी-बूटियों से हवन-यज्ञ आयोजित होगा, जिसमें वातावरण शुद्धि एवं लोककल्याण की कामना की जाएगी। वहीं शुक्रवार, को सुबह 11:15 बजे कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा, जिसे नवरात्रि का अत्यंत पुण्यकारी अनुष्ठान माना जाता है।

पूरे आयोजन के दौरान आश्रम में 'राम-राम' एवं 'जय माता दी' के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा और श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति करते नजर आए।

इस दौरान संत मायाराम, संत राजाराम, संत गोविंद राम, संत केशव राम, ब्रह्मचारी मिहिर, हीरालाल गुरनानी, रविंद्र जाजू, मनीषा जाजू, इंद्र अवतानी, रोमा नोतानी सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# कोटड़ी में भगवान महावीर जन्म कल्याणक धूमधाम से मनाया, शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब





भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी



**(राजेन्द्र बबलू पोखरना)।** उपखण्ड मुख्यालय पर जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक दिगम्बर जैन समाज द्वारा बड़े उत्साह और भक्ति भाव से मनाया गया। कार्यक्रम दिगम्बर संत मुनि प्रणीत सागर जी एवं क्षुल्लक विदेह सागर जी के सानिध्य में संपन्न हुआ।

नवयुवक मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सेठी ने बताया कि सुबह प्रभात फेरी के साथ आयोजन की शुरुआत हुई। इसके बाद दिगंबर जैन मंदिर से विद्यासागर वाटिका में भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा की गई। मुनिश्री के सानिध्य में मंत्रोच्चारण के बीच भव्य पूजा-अर्चना हुई।

विद्यासागर वाटिका से निकली भव्य शोभायात्रा सदर बाजार सहित कस्बे के मुख्य मार्गों से गुजरी। हाथों में पंचरंगी ध्वज लिए श्रद्धालुओं के जयकारों से पूरा कस्बा गूंज उठा। पहली बार भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा को पालकी में विराजमान कर श्रद्धालुओं ने कंधों पर उठाकर नगर भ्रमण कराया, जिसे देखने के लिए लोग उत्साहित नजर आए।

शोभायात्रा में पारोली, कोठाज, किशनगढ़, गहली सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। श्वेतांबर समाज की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही।

कार्यक्रम में दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष नेमीचंद पाटोदी ने सभी आगंतुकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इसके बाद विद्यासागर वाटिका में त्रिलोक पाडगाहन हुआ। शाम को भव्य मंगल आरती एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया।

**आज ओसवाल समाज मनाएगा जन्मोत्सव**

ओसवाल समाज के अध्यक्ष निर्मल लोढ़ा एवं मंत्री प्रकाश पोखरना ने बताया कि मंगलवार को सुबह 8 बजे सदर बाजार स्थित आदिनाथ जैन मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी।

वहीं शाम को शीतल भवन में सामूहिक जाप एवं भक्ति कार्यक्रम आयोजित होंगे।

# भू-प्रबंधन नियमों में संशोधन की मांग, विधायक कोठारी ने उठाया किसानों का मुद्दा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर विधायक अशोक कुमार कोठारी ने प्रदेश में भू-प्रबंधन विभाग द्वारा नवीन तकनीक से किए जा रहे सर्वेक्षण/पुनः सर्वेक्षण के दिशा-निर्देशों में संशोधन की मांग उठाई है। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री, राजस्व मंत्री, मुख्य सचिव, राजस्व मंडल अध्यक्ष एवं भू-प्रबंधन आयुक्त को पत्र भेजकर नियमावली की समीक्षा कराने का आग्रह किया है।

विधायक कोठारी ने बताया कि राजस्व रिकॉर्ड को अद्यतन करने के लिए 'राजस्थान सर्वेक्षण नियमावली भाग-2 (2019)' लागू की गई थी। इसके बिंदु 20(3) में प्रावधान है कि जमाबंदी में दर्ज भूमि और मौके पर वास्तविक कब्जे में अंतर होने पर वास्तविक कब्जे के अनुसार क्षेत्रफल दर्ज किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस प्रावधान के कारण किसानों को नुकसान हो रहा है। उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि यदि किसी किसान के नाम 10 बीघा भूमि दर्ज है, लेकिन मौके पर 8 बीघा ही कब्जे में मिलती है, तो शेष 2 बीघा कम दर्ज हो रही है, जिससे किसानों के अधिकार प्रभावित होंगे और राजस्व मामलों में अनावश्यक वृद्धि होगी।

कोठारी ने पत्र में उल्लेख किया कि राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 तथा काश्तकारी अधिनियम की धाराएं 88 व 89 में खातेदार को कम रकबा होने पर



न्यायालय में दावा करने का अधिकार है। ऐसे में बड़े स्तर पर रकबा कम होने से हजारों नए मामले खड़े हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार जहां लंबित प्रकरणों को कम करने का प्रयास कर रही है, वहीं ऐसे प्रावधान नए विवाद पैदा कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यदि पूर्व में राजस्व कार्मिकों की गलती से किसान को कम भूमि पर कब्जा मिला है, तो उसका नुकसान किसान को नहीं उठाना चाहिए।

विधायक ने मांग की कि यदि किसी गांव का कुल रकबा सुरक्षित है, तो खातेदार का रकबा कम दर्ज न किया जाए। जहां कमी हो, वहां उपलब्ध राजकीय भूमि से पूर्ति कर किसान के नाम दर्ज किया जाए।


उन्होंने कहा कि ऐसा करने से किसानों के हित सुरक्षित रहेंगे और अनावश्यक राजस्व विवादों से भी बचाव होगा।

# आईपीएस क्रिकेट प्रतियोगिता सम्पन्न, रॉयल्स ने जीता खिताब

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**(मूलचन्द पेसवानी)।** आईपीएस स्कूल के तत्वावधान में स्थानीय खेल मैदान पर 25 से 29 मार्च तक आयोजित चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता में 10 टीमों के 80 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

फाइनल मुकाबले में आईपीएस रॉयल्स ने आईपीएस सुपर जायंट्स को हराकर खिताब अपने नाम किया। मैच में दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, लेकिन अंत में रॉयल्स ने बेहतर प्रदर्शन करते



हुए जीत दर्ज की।

इससे पूर्व खेले गए सेमीफाइनल में आईपीएस सुपर जायंट्स ने आईपीएस रॉयल चैलेंजर्स को तथा आईपीएस रॉयल्स ने आईपीएस किंग्स को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि कन्हैया लाल पुरोहित एवं विशिष्ट अतिथि मुकेश मीणा ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। स्कूल डायरेक्टर रामपाल बिरला एवं प्रदीप पारीक ने अतिथियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर रामपाल बिरला ने कहा कि खेलों से अनुशासन और टीम भावना का विकास होता है। आयोजन को सफल बनाने में स्कूल स्टाफ एवं खेल प्रेमियों का सहयोग रहा।

# महावीर जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा, वैश्य फेडरेशन ने किया पुष्पवर्षा से स्वागत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

महावीर जयंती के पावन अवसर पर शहर भक्ति और आस्था के रंग में सराबोर नजर आया। सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा का अंतराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन युवा इकाई ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

युवा जिलाध्यक्ष अंकित सोमानी ने बताया कि शोभायात्रा में भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह और करुणा के संदेशों को




आकर्षक झांकियों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। भक्ति संगीत और श्रद्धालुओं के उत्साह ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया।


संभागीय युवा अध्यक्ष देवेंद्र डाणी ने कहा कि भगवान महावीर के आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं और उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में शांति व सद्भाव स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने वैश्य एकता पर भी जोर दिया।

इस अवसर पर फेडरेशन के पदाधिकारियों ने शोभायात्रा का स्वागत करते हुए सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# चंवरा हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य आयोजन, भजन संध्या व छप्पन भोग रहेंगे आकर्षण

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास**

**(रोशन)।** मेवाड़ के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री चंवरा के हनुमानजी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन को लेकर क्षेत्र में श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम के तहत विशाल छप्पन भोग एवं भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेकर भक्ति रस में सराबोर होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत बुधवार, 1 अप्रैल को रात्रि 8 बजे भजन संध्या से होगी। इसके पश्चात गुरुवार, 2 अप्रैल को प्रातः 8:15 बजे से संगीतमय सुंदरकांड पाठ आयोजित किया जाएगा। उसी दिन दोपहर 12:15 बजे छप्पन भोग के दर्शन एवं महाआरती होगी, जबकि 12:30 बजे श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण



किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने में लालूराम, रामचंद्र, श्यामलाल, मुकेश, कमलेश प्रजापत, मगनलाल, राजेंद्र कुमार, रामलाल, सुरेशचंद्र, छीतर धाकड़ सहित अनेक श्रद्धालुओं का सहयोग रहेगा। आयोजन में आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में भक्तों के शामिल होने की संभावना है।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 60 मरीजों का हुआ उपचार



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

कोली समाज विकास ट्रस्ट, भीलवाड़ा एवं हिमांशी इलेक्ट्रो होम्योपैथी एवं एक्यूप्रेशर हेल्थ केयर सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में कोली मोहल्ला स्थित पंचायत भवन में दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं उपचार शिविर आयोजित किया गया।

शिविर का शुभारंभ संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस दौरान एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ डॉ. पूरणमल कोली (MD Acu) और सहायक चिकित्सक नेहनूराम महावर द्वारा सेवाएं दी गई। शिविर में इलेक्ट्रो होम्योपैथी, एक्यूप्रेशर एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से मरीजों की जांच व उपचार किया गया। शिविर में 60 मरीजों का उपचार हुआ।

# बेमौसम बारिश-ओलावृष्टि, किसानों की बढ़ी चिंता



**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर**

**(गजानंद जोशी)।** क्षेत्र में सोमवार को मौसम ने अचानक करवट ली। कई इलाकों में तेज हवा और आंधी के साथ बारिश हुई, वहीं पंडेर क्षेत्र में बारिश के साथ ओलावृष्टि भी दर्ज की गई। कई स्थानों पर ओलों की मात्रा अधिक रही।

अचानक बदले मौसम से किसानों की चिंता बढ़ गई है। खेतों में खड़ी फसल के साथ-साथ कटी हुई फसल को भी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। किसानों का कहना है कि इस बेमौसम बारिश और ओलों से फसलों के साथ पशुओं के चारे को भी नुकसान हो सकता है, जिससे उनकी मेहनत पर पानी फिरने का खतरा बना हुआ है।

# ओलावृष्टि के साथ बारिश, किसानों की बढ़ी चिंता

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

कस्बे एवं आसपास के गांवों में सोमवार रात ओलों के साथ बारिश हुई, जिससे मौसम में अचानक बदलाव आ गया। पिछले दो दिनों से आसमान में बादल छाए हुए थे, जिससे किसान पहले से ही चिंतित थे। रात में हुई ओलावृष्टि और बारिश ने किसानों की चिंता और बढ़ा दी है। खेतों में पककर तैयार और कटाई के बाद रखी फसल को नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। किसानों का कहना है कि इस



बेमौसम बारिश और ओलों से फसल खराब होने का खतरा बढ़ गया है, जिससे उनकी मेहनत पर पानी फिर सकता है।

## QUICK BITES

# 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पर आसींद थाना परिसर में सामूहिक गायन

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**



राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सोमवार को आसींद थाना परिसर में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना अधिकारी सीआई श्रद्धा पचौरी के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों एवं कार्यालय स्टाफ ने एक साथ मिलकर राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गायन किया।

सीआई पचौरी ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा है, जिसने अनगिनत क्रांतिकारियों को देश के लिए बलिदान देने की प्रेरणा दी।

उन्होंने बताया कि इस आयोजन ने न केवल पुलिस विभाग की देशभक्ति को प्रदर्शित किया, बल्कि समाज में एकता और राष्ट्रभक्ति की भावना को भी सुदृढ़ करने का संदेश दिया।

# खाखरा वाला देवता स्थान पर नवरात्र महोत्सव की पूर्णाहुति आज, 501 कन्याओं का होगा पूजन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



शहर के उपनगर सांगानेर स्थित प्राचीन खाखरा वाला देवता स्थान पर मंगलवार को नवरात्र महोत्सव की विधिवत पूर्णाहुति होगी।

पुजारी श्यामलाल ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी नवरात्र महोत्सव का समापन तेरस के दिन किया जा रहा है। मंगलवार, 31 मार्च को सुबह मंशापूर्ण महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक एवं नमक-चमक अभिषेक का आयोजन होगा।

इसके पश्चात 501 कन्याओं का पूजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में महाआरती एवं भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

# चांदजी की खेड़ी में महावीर जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

**भीलवाड़ा फोकस @ सलावटिया।**



**(विकास जैन)** चांदजी की खेड़ी दिगंबर जैन समाज द्वारा भगवान महावीर का जन्मकल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

समाज के वीरेन्द्र पहाड़िया ने बताया कि प्रातः 5 बजे भगवान महावीर के संदेशों के नारों के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। इसके पश्चात दिगंबर जैन मंदिर में अभिषेक एवं शांतिधारा कर भगवान महावीर की विशेष पूजा-अर्चना की गई।

दोपहर 3 बजे भगवान महावीर की विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में पहाड़िया परिवार द्वारा समाज को भेंट की गई पालकी में भगवान श्रीजी को विराजमान कर यात्रा निकाली गई, जो आकर्षण का मुख्य केंद्र रही।

इस दौरान भगवान महावीर के जीवन एवं सिद्धांतों पर आधारित झांकियां भी प्रस्तुत की गईं। शोभायात्रा गांव के मुख्य मार्गों से होती हुई पुनः मंदिर पहुंची।

शोभायात्रा में सलावटिया एवं कास्या के श्रावक-श्राविकाएं और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। यात्रा के दौरान कास्या चौकी का जाप्ता भी मौजूद रहा।

सायंकाल भगवान महावीर की महाआरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# रावणा राजपूत मातृशक्ति संगठन का विस्तार, सुनीता कंवर राठौड़ बनी जिलाध्यक्ष

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

रावणा राजपूत मातृशक्ति संगठन की संस्थापक अध्यक्ष निशा कंवर गौड़ ने संगठन का विस्तार करते हुए नई कार्यकारिणी की घोषणा की। इस दौरान सुनीता कंवर राठौड़ को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया।



कार्यकारिणी विस्तार में संरक्षक पद पर वनिता कंवर पंवार एवं चंदा कंवर गहलोत, उपाध्यक्ष के रूप में सीमा कंवर पंवार, आरती शेखावत और सोनम कंवर पंवार को नियुक्त किया गया। वहीं महामंत्री नीलम कंवर सोलंकी, संगठन मंत्री मोहिनी कंवर, पूजा कंवर पंवार और मंजू कंवर नाथावत को जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा कोषाध्यक्ष स्वीटी कंवर कानावत, प्रवक्ता सुनीता कंवर जादू, सांस्कृतिक मंत्री मंजू कंवर सिसोदिया और कांता कंवर सोलंकी को भी महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए।

इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष निशा कंवर गौड़ ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन के प्रति निष्ठा, आस्था और नियमों के तहत कार्य करने की शपथ दिलाई। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने और समाज हित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।